# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

*Website:psc.uk.gov.in*

**संख्या :: 56/01/E-2/DR/GPWS/2023-24** **दिनांक :: 18 जुलाई, 2024**

## विज्ञप्ति

## राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं में कर्मशाला अधीक्षक परीक्षा–2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं में कर्मशाला अधीक्षक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु **राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थाओं में कर्मशाला अधीक्षक परीक्षा–2024** के **विज्ञापन संख्या A-1/E-2/DR/GPWS/2023-24** के सापेक्ष पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन 12.07.2024 तक आमंत्रित किये गये थे।

उक्त विज्ञापन के अति महत्वपूर्ण निर्देश के बिन्दु सं0–6 के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 12.07.2024 तक आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुये अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में की गयी प्रविष्टियों में संशोधन/परिवर्तन **(Edit/Correction)** किये जाने हेतु केवल एक बार के लिए आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर **Online Edit Window** लिंक **दिनांक 20.07.2024 से दिनांक 29.07.2024 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)** तक खोला जायेगा।

इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त संशोधन/परिवर्तन **(Edit/Correction)** के अंतिम अवसर के उपरान्त किसी भी दशा में अभ्यर्थी को उनके ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित की गयी किसी भी प्रविष्टियों/दावों को संशोधित/परिवर्तित करने के प्रत्यावेदन/अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

**भवदीय**

**-sd-**

**(गिरधारी सिंह रावत)**

**सचिव।**